ट्रंक कॉल सेवाएं

561. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में ट्रंक काल सेवाओं से पूरी तरह से संतुष्ट है ;

(ख) यदि नही, तो उनमें और सुधार करने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार उन सामान्य और शीघ्र ट्रंक कालों के प्रभारों में कोई कमी करने का विचार रखती है, जो एक निर्धारित अवधि के बीच नहीं मिल पाते हैं;

(घ) क्या उन ट्रंक कालों को जो शीघ्र ट्रंक कालों के रूप में बुक किये जाते हैं, परन्तु 5—6 घंटे में मिल पाते हैं, शीघ्र सेवा माना जायेगा; और

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार इस मामले पर विचार करने और ऐसे विलम्बित कालों को सामान्य काल माने जाने का विचार रखती है और इस सम्बन्ध में उपभोक्ताओं को राहत कब तक दिये जाने का विचार है ?

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री बसंत साठे) : (क) और (ख) ट्रंक सेवाएं संतोषजनक होने पर भी, इनमें आगे सुधार लाने की दृष्टि से निम्नलिखित कार्रवाई की जा रही है :—

(1) जहां-कहीं औचित्य पाया गया अतिरिक्त ट्रंक सर्किटों तथा ट्रंक बोर्ड प्रदान किये जा रहे हैं ।

(2) विश्वसनीय ट्रंक सर्किट के लिये बेहतर तथा स्थायी संचारण माध्यम प्रदान करने की योजना है ।

(3) छोटे टेलीफोन जिलों तथा कुछ राज्यों की राजधानियों में कुछेक ट्रंक प्रचालन कार्य को देशी उपस्करों का संस्थापन करके, उन्हें कम्प्यूटरीकृत किये जाने की योजना ।

(4) 1-9-87 से ट्रंक मैनुअल एक्सचेंजों में कार्यरत टेलीफोन आपरेटरों के लिये एक संशोधित प्रोत्साहन योजना प्रचालन में है । ऐसा ट्रंक स्टाफ को अधिक ट्रंक कालें मिलाये जाने के लिये प्रोत्साहित करने की दृष्टि से किया गया है ताकि ट्रंक क्षमता में सुधार हो सके ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) काल बुक करने वाले उपभोक्ता की सलाह से ही बुक किये गये ट्रंक काल की श्रेणी बदली जाती है ।

(ङ) उपर्युक्त (ख) में उल्लिखित किये गये अनेक उपाय को मद्देनजर रखते हुए ट्रंक सेवाओं में पर्याप्त सुधार होने की उम्मीद है । जिससे काफी हद तक उपभोक्ता संतुष्ट हो सकेंगे ।

Import of Telephone equipment

562. SHRI SUBAS MOHANTY: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether the Mahanagar Telephone Nigam Limited propose to import some telephone equipments from abroad;

(b) whether the aforesaid equipments are available in the country itself at lower prices; and

(c) if so, what is the justification for importing these items and what amount of foreign exchange is likely to be spent thereon?

THE MINISTER OF ENERGY AND THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI VASANT SATHE): (a) Yes, Sir. The new equipment known as Automatic message Accounting equipment is intended to be imported for Delhi Telephone System.

(b) No, Sir. It is not available in the country at present. Indigenous equipment is under development by three Indian firms and orders have been placed on them for Bombay Telephone system.

(c) The indigenous equipment is still under development and it will take considerable time before the same becomes available. The total cost of import of the equipment will be about US $ 3.8 million (FOB).